तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार, 4 अप्रैल 2024

11 संसार में माता है लाजवाब, जो सभी दोषों को करती है माफ

12 मांग और शिकायत के आवेदनों का हो नियमानुसार...

[बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला]

खबर संक्षेप

सिसदेवरी में अखंड नवधा रामायण शुरू

पलारी। ग्राम सिसदेवरी में अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ के मुख्य अतिथि पं. विष्णुधार दीवान तथा अध्यक्षता योगेश चन्द्राकर थे। मुख्य अतिथि दीवान ने कहा हमें श्रीराम के बताए मार्ग पर चलना चाहिए, हमें राम के चरित्र को अपनाकर उनके सिद्धांतों पर चलना चाहिए तथा राम के आदर्शों पर चलने से ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। अध्यक्षता कर रहे चंद्राकर ने कहा कि प्रत्येक गांव में श्रीराम के महिमा का बखान किया जा रहा है। भगवान श्रीराम हम सभी के आदर्श है हमें उनके चरित्र का अनुसरण कर उनके बताए मार्ग पर चलने से ही परम धाम की प्राप्ति होती है। समिति संचालक खेलन प्रसाद चंद्राकर ने बताया कि रामायण का समापन 10 अप्रेल को होगा। भाग लेने वाले सभी मानस मंडलियों को 401 रुपए श्रद्धा सुमन व श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा।

32 पौवा शराब जब्त आरोपी गिरफ्तार

भवानीपुर। पुलिस ने बालसमुंद तालाब के पास शराब की अवैध बिक्री करने वाले शंकर लाल टण्डन पिता बेद लाल टण्डन निवासी बिजराडीह को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी मदिरा और परिवहन में प्रयुक्त एक बाइक को जब्त किया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34, 2 आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पत्नी की गला दबाकर हत्या, जुर्म दर्ज

महासमुंद। विवाहिता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के बाद गला दबाकर हत्या करने के मामले में आरोपी पति के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि ग्राम पलसापाली निवासी नवविवाहित सुरेंद्री डडसेना पति प्रमोद (22) की मौत के मामले जांच व विवेचना के बाद आरोपी पति प्रमोद डडसेना पिता मन्नूलाल (26) को अपनी पत्नी को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर गला दबाकर हत्या करना पाए जाने पर धारा 304 बी के तहत अपराध कायम किया गया है।

एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति की मौत

महासमुंद। अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। तुमगांव पुलिस ने बताया कि मो. रहमान पिता मो. हसन (45) निवासी सम्हल उत्तर प्रदेश एनएच 53 भोरिंग रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

आवेश में आकर मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। सिंघोड़ा पुलिस ने आवेश में आकर मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी बृजकुमार चौहान पिता गोपालदास (33) खम्हारपाली ने रिपोर्ट लिखाई है कि ग्राम के रथीराम भोई पिता हरि भाई ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

कार्रवाई : गिरोह के अन्य आरोपियों की तलाश, धनाढ्या वर्ग को फंसते थे

यौन शोषण में फंसाने की धमकी, 41 लाख ऐंठे, तीन आरोपी और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला पुलिस ने भयादोहन कर झूठे मामले में फंसाने की धमकी देते हुए लाखों रुपए की वसूली करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक अन्य आरोपी महान मिश्रा को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों द्वारा धनाढ्य वर्ग के लोगों को सेक्स रैकेट, बलात्कार के मामले में फंसाने के नाम पर भयादोहन कर पैसे की मांग की जाती थी। यह गिरोह सुनियोजित तरीके से इस तरह का काम करता था। सभी सदस्य काम का बंटवारा कर अपनी-अपनी अलग भूमिका निभाते थे।

गिरोह में शामिल अन्य सदय है फरार, खोजबीन में जुटी है पुलिस

मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया एवं दुर्गा टंडन

दोनों आरोपी लोकल बलौदाबाजार के निवासी होने के कारण टारगेट पॉइंट (प्रार्थी) से मिलने एवं उन्हें फंसाने के लिए आने वाली लड़कियों के बलौदाबाजार शहर में रहने, खाने एवं अन्य सुविधाओं का इंतजाम करते थे। तत्पश्चात उस टारगेट से लड़की को मिलाने के बाद, उस लड़की को महिला संबंधी अपराध का प्रार्थी बनाते हुए थाने में रिपोर्ट करने के लिए ले जाने का नाटक किया करते थे। इस दौरान यह दोनों आरोपी उस लड़की के रिश्तेदार बनकर सामने प्रस्तुत हुआ करते थे।

लड़कियों का इंतजाम करती थी हीराकाली

हीराकाली यह प्रकरण की एक अन्य आरोपी है, जो कि टारगेट को फंसाने के लिए लड़की का इंतजाम करती थी। यही गिरोह से संपर्क के माध्यम से लड़कियों को बुलाकर टारगेट के पास भेजती थी।

ये हैं गिरफ्तार आरोपी

दुर्गा टंडन पति प्रत्यूष उर्फ मोंटी मरईया 30 साल डॉ. अब्दुल कलाम वार्ड बलौदाबाजार, मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरईया पिता प्रताप मरईया 28 साल साकिन अब्दुल कलाम वार्ड बलौदाबाजार और रवीना टंडन पिता कामता टंडन 22 साल पता दगौरी थाना बिल्हा जिला बिलासपुर शामिल हैं।

टारगेट को फंसाने फोटो खींची जाती थी

इस गिरोह द्वारा धनाढ्य एवं रिटायर्ड कर्मियों को टारगेट किया जाता था, फिर टारगेट सेट कर उससे मेलजोल बढ़ाते हुए टारगेट से महिला को मिलाने का दिन एवं समय फिक्स किया जाता था। तत्पश्चात महिला उस टारगेट से मिलने जाती थी। इस दौरान गिरोह के सदस्यों द्वारा महिला के घरधूम के अंदर जाने एवं घरधूम के बाहर आने का फोटो ले लिया जाता था, फिर इसी फोटो के माध्यम से उस टारगेट को भयादोहन करने का सिलसिला प्रारंभ किया जाता था।

गिरोह ने की 41 लाख की वसूली

आरोपीगण के कथन के अनुसार उगाही की गई मोटी रकम को सभी आपस में बांटते थे। अभी तक की जांच एवं विवेचना में गिरोह द्वारा विभिन्न लोगों से लगभग 41 लाख रुपए तक की वसूली किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण के आरोपीगण को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है तथा अन्य फरार आरोपी पुष्पमाला फेकर, हीराकली बंजारे, आशीष शुक्ला, शिरिस पांडे की खोजबीन के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं।

महान मिश्रा करता था रकम का बंटवारा

महान मिश्रा अपनी पहुंच एवं पहचान का रौब दिखाकर उगाही की गई रकम को संभालने एवं आपस में बंटवारा करने का काम करता था।

पुलिस की अपील

पुलिस ने एक बार फिर अपील की है कि ऐसे प्रकरणों में अन्य पीड़ित, जिनको डरा धमकाकर पैसे की वसूली की गई है, वें आगे आएं और थाना सिटी कोतवाली में आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

झूठे मामले में फंसाने की देते थे धमकी

बलौदाबाजार पुलिस ने बताया कि थाना सिटी कोतवाली में धारा 384, 389, 34 के तहत दर्ज प्रकरण की जांच में पीड़ित पक्ष के लोगों से विस्तृत पूछताछ की गई, जिसमें यह तथ्य सामने आया कि मुख्य सरगना शिरीष पांडे, मंजूलता फेकर, मोंटी उर्फ प्रत्यूष मरैया, दुर्गा टंडन, महान मिश्रा व अन्य आरोपियों द्वारा महिलाओं को पीड़ितों के घर में भेजा जाता था तथा उसके बाद पीड़ितों द्वारा बिना कोई अपराध किये ही उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर, दबावपूर्वक, अपराधिक षड्यंत्र करते हुए मोटी रकम की उगाही की जाती थी।

अब तक 4 आरोपी गिरफ्तार

ऐसे मामले संज्ञान में आने पर जांच तस्दीक कर अपराध पंजीबद्ध करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में विवेचना कार्रवाई में लिया गया। प्रकरण में अब तक 4 आरोपियों को पकड़ा गया है, जिनसे पूछताछ पर बलौदाबाजार शहर में भयादोहन कर लाखों रुपए की वसूली करने वाले एक गिरोह का भांडाफोड़ किया गया है।

ऐसे लोगों को फंसाता था यह गिरोह

इस गिरोह द्वारा सुनियोजित तरीके से बलौदाबाजार शहर एवं आसपास के धनाढ्य एवं विभिन्न शासकीय एवं प्राइवेट सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए लोगों को अपने झांसे में लिया जाता था तथा उन्हें महिला संबंधी अपराध में फंसाने एवं लोक-लाज का भय दिखाकर लाखों रुपए की मोटी रकम वसूली की जाती थी। यह गिरोह शातिर तरीके से अपने काम को अंजाम देता था।

अब तक फरार है गिरोह का सरगना और सहयोगी

गिरोह का मुख्य सरगना एवं मास्टर माइंड शिरीष पांडे एवं पुष्पमाला फेकर है, जो अभी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में निधि नाग, एसडीओपी बलौदाबाजार एवं निरीक्षक अजय झा, थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस विवेचना, पूछताछ, जांच करवाई में गिरोह के सदस्यों एवं संपूर्ण प्रकरण के संबंध में अब तक की जांच में इनकी जो भूमिका सामने आयी उसके बारे में भी पुलिस ने खुलासा किया।

शिरीष पांडे एवं पुष्पमाला फेकर

यह दोनों इस गिरोह के मुख्य सरगना एवं मास्टरमाइंड हैं। इन दोनों के द्वारा ही बलौदाबाजार नगर में धनाढ्य एवं अन्य लोगों को चिन्हित किया जाता था, उसके पश्चात शिरीष पांडे द्वारा अपनी राजनीतिक पहुंच एवं पहचान का प्रभाव दिखाते हुए उनसे मेलजोल बढ़ाकर, उनको लड़की उपलब्ध करने का झांसा दिया जाता था। तत्पश्चात गिरोह के सभी सदस्यों को एक्टिव कर प्रार्थी को भयादोहन कर उससे लाखों रूपये की वसूली की जाती थी।

लोकसभा चुनावः आबकारी विभाग की कार्रवाई, देशी प्लेन शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आबकारी विभाग की टीम ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई की। बागबाहरा तेंदुकोना स्थित शेरे पंजाब ढाबा, थाना-तेंदुकोना में आरोपी के क़ब्ज़े से 390 नग पाव प्लेन शराब, कुल मात्रा 70.200 बल्क लीटर देशी प्लेन शराब बरामद किया गया तथा दूसरी कार्रवाई में तेंदूकोना में ही नाला किनारे एक अन्य आरोपी के कब्जे से 125 नग पाव देशी प्लेन शराब कुल मात्रा 22.500 बल्क लीटर जुमला 92.700 बल्क लीटर, बाजार मूल्य 46350 रुपए जप्त किया गया। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध छग आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क) 34(2), 59 क के तहत गैर जमानती प्रकरण कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। सहायक जिला आबकारी अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज के नेतृत्व में मंगलवार को मुखबिर की सूचना व शिकायत पर की गई कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक कुंजराम ध्रुव, नगर सैनिक बाल कृष्ण प्रधान, प्रदीप प्रधान तथा वाहन चालक संतू का विशेष योगदान रहा। इसी प्रकार संयुक्त आबकारी टीम द्वारा वृत्त महासमुंद ग्रामीण अंतर्गत मंगलवार को मुखबिर सूचना की सूचना पर मंगल उर्फ भूपेंद्र कुमार निषाद (38) साकिन पचेड़ा थाना-खल्लारी के कब्जे से एक प्लास्टिक की सफेद रंग की बोरी में रखे कुल 38 पाव देशी मदिरा प्लेन प्रत्येक पाव की क्षमता 180 मिली लीटर कुल मात्रा 6.840 बल्क जब्त की गई।

होली मिलन समारोह में शामिल हुए मंत्री टंकराम और विधायक अनुज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

राजधानी रायपुर जिला में छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन द्वारा होली मिलन एवं समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि मंत्री टंकराम वर्मा एवं धरसीवां विधायक अनुज शर्मा विशेष रूप से शिरकत किये।

तिल्दा-नेवरा नगर में आयोजित होली मिलन एवं सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में पत्रकार और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। उक्त समारोह में नगाड़ों के थाप के मध्य होली महोत्सव का आनंद लिया गया। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन द्वारा आयोजित होली मिलन एवं सम्मान समारोह को लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि होली मिलन समारोह में प्रतिभावान लोगों का सम्मान करने की परंपरा शुरू हुई, इसके लिए मीडिया जगत बधाई का पात्र हैं। विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि होली का पर्व आपसी दुश्मनी को भुलाकर मधुर रिश्ता बनाने का पर्व है। होली का पर्व भाईचारा व प्रेम का प्रतीक है। इस समारोह में सिमगा, सुहेला, भाटापारा व रायपुर के पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के प्रति विश्वास जाहिर करते हुए सदस्यता ग्रहण करने की अपेक्षा जताई है। वहीं छत्तीसगढ़ मानवधिकार आयोग के अध्यक्ष ने भी समारोह में शरीक होकर इस कार्य की प्रशंसा की। होली मिलन समारोह पत्रकारों व जनप्रतिनिधियों को शिल्ड व सम्मान पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

स्काउट गाइड के बच्चों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

पलारी। शासकीय हाई स्कूल चरोदा ब्लॉक पलारी के स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत गाकर और घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मतदान के गीत के माध्यम से बच्चों द्वारा मतदान का महत्व लोगों को समझाया गया और कहा कि आप मतदान कर एक कुशल नेतृत्वकर्ता का चयन कर सकते हैं और देश का भविष्य अच्छे हाथों में सौंप सकते हैं। इसका संदेश लोगों को गीत के माध्यम से दिया।

रीवाडीह रेतघाट शुरू कराये कलेक्टर, मांग करने ग्रामीण पहुंचे कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार-भवानीपुर

विकासखण्ड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत रीवाडीह के ग्रामीण रेतघाट शुरू करने की मांग करने कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि विगत वर्ष शासन द्वारा ग्राम पंचायत रीवाडीह की महानदी से रेटघाट की नीलामी बलौदाबाजार कलेक्टर द्वारा कराई गई थी। ठकेदार द्वारा विगत दिनों रेतघाट के संचालन के लिए कार्य प्रारंभ किया गया, मगर गांव के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रेतघाट का कार्य एवं हाईवा को रोकर गाली गलौज व शराब पीकर गलत शब्दों का प्रयोग किया जाता है। इस कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। ऐसे असामाजिक तत्वों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो रही है,जिससे गांव में अप्रिय घटना घट सकती है। ऐसे असामाजिक तत्व निजी स्वार्थ के लिए रेतघाट को बंद कराना चाहते हैं। रेतघाट का संचालन नहीं होने से ग्रामीण अन्य शहरों में रोजगार के लिए पलायन होंगे। रेतघाट प्रारंभ करने और इसमें व्यवधान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर रीवाडीह के ग्रामीण बड़ी संख्या में कलेक्टर और एसपी के पास मांग करने पहुंचे। ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर के पास अपनी बात रखी, जिस पर अपर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए खनिज अधिकारी से इस संदर्भ में चर्चा की और कहा शासन के निर्देश अनुसार जो आदेश दिया गया है उसका पालन करते हुए आप कार्य करें, जो असामाजिक तत्व के लोग यदि कोई परेशान करते हैं तो तत्काल अवगत कराएं, ताकि उन पर उचित कार्रवाई की जा सके। ग्राम रीवाडीह के ग्रामीण 100 से अधिक संख्या में पहुंचे हुए थे, जिन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि यदि रेटघाट का संचालन होता है तो हमारे गांव के लोग को कम मिलेगा, जिससे हमें बाहर जीवन यापन करने नहीं जाना पड़ेगा। इसलिए हमें यहां तक आकर शासन प्रशासन को अवगत कराना पड़ा। ऐसे असामाजिक लोग पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग अधिकारी से की।

- इस कार्य में व्यवधान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की एसपी से

इस मांग को लेकर मुरली यादव, अमित यादव, मोनू यादव, धर्मेंद्र यादव, मिलेश यादव, मुकेश यादव, राजू यादव, गंगोत्री, लता, जानकीबाई, चंदर कनौजे, बिंदा कनौजे सहित तीरथ ध्रुव, छगनलाल कनौजे, जय सिंह यादव, योगेश्वर साहू, सदानंद देवांगन, संतराम साहू, सोनू ध्रुव, गायत्री कनौजिया, रामेश्वरी ध्रुव, हेमिन रेखा साहू, लता देवांगन, परमानंद साहू और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

तालाब गहरीकरण के लिए जनपद पंचायत से 9 लाख 84 हजार की राशि हुई है स्वीकृत

101 पंचायतों के 22719 मजदूरों को मिला मनरेगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

गांवों के मजदूरों को बाहर काम करने न जाना पड़े गांव स्तर पर ही रोजगार मिले और गांवों का विकास हो सके इसके लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत इन दिनों अधिकांश ग्राम पंचायतों में कार्य चल रहे हैं। इससे मजदूरों को गांवों में ही रोजगार मिल रहा है और रोजगार गारंटी योजना से मजदूरों की तस्वीर बदल रही है। इससे मजदूरों के चेहरों पर खुशी की लकीर दिखाई दे रही है।

जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा के कोर्रा तालाब में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत गहरीकरण कार्य का शुभारंभ 1 मार्च को सरपंच सुमित्र वर्मा सरपंच प्रतिनिधि संतोष वर्मा, धोबी समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक रोजगार सहायक दिनेश वर्मा, पंचायत प्रतिनिधि परमेश्वर साहू, महेश्वर रजक, अशोक वर्मा, प्रवीण पांडे, दुकालू मानिकपुरी, उमाशंकर वर्मा, विशाल ध्रुव की उपस्थिति में हुआ। तालाब गहरीकरण कार्य के लिए जनपद पंचायत बलौदाबाजार से 9 लाख 84 हजार की राशि स्वीकृत हुई है। जिसमें वार्ड क्रमांक 1 से लेकर वार्ड क्रमांक 5 तक 315 पंजीकृत जॉबकार्ड धारी मजदूर कार्य कर रहे हैं। तालाब के गहरीकरण होने से गांव की निस्तारी की समस्या दूर होगी एवं तालाब में पानी ज्यादा भरने से भूमिगत जल स्तर भी बढ़ेगा। गांव की ग्रामीण महिलाएं रोजगार गारंटी के तहत चल रहे कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। गर्मी को देखते हुए मजदूरों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा मजदूरों के हितों को ध्यान में रखकर पानी पिलाने के लिए मजदूर लगाया गया है, जो प्रत्येक मजदूरों के पास जा जाकर पानी पिलाया जा रहा है। इसी तरह अंचल के अहिल्दा, करदा, सरखोर, चिचीरदा, कोलिहा, खैरा, तुरमा, हरदी, धनगांव एवं मुंडा सहित अधिकांश ग्राम पंचायतों में तालाब गहरीकरण, नया तालाब निर्माण, निजी डबरी कच्ची नाली एवं नाला पथोपचर के तहत कार्य चल रहे हैं।

पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप

महार समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

धमतरी। रविवार को नयापारा वार्ड में छत्तीसगढ़ महार समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर एक-दूसरे पर रंग-गुलाल होली मनाई गई। बैठक में 14 अप्रैल को लिमतरा के सामाजिक भवन में कुलदेवता नारायण देवजी की मूर्ति स्थापित की जाएगी। साथ ही कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। इस अवसर पर चन्द्रभान मेश्राम संरक्षक, श्रवण मेश्राम परगना अध्यक्ष, मिलाप मेश्राम उपाध्यक्ष परगना, हरि पावरिया सचिव, सोमेश मेश्राम, गोपाल पवार कोषाध्यक्ष, रामेश्वर संदेश वाहक, हेजराम गजभीम, अरविंद मेश्रा, प्रकाश रायपुरिया, रामलाल, तुलसी मेश्राम समेत अन्य स्वजातीय बंधु उपस्थित थे। धमतरी परगना अध्यक्ष श्रवण मेश्राम ने सामाजिक बंधुओं से लिमतरा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

होली गीतों पर जमकर थिरकी महिला मंडल

धमतरी। कोसरिया मरार पटेल समाज धमतरी राज के महिला मंडल व युवा मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। समाज के लोगों ने एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर खुशियां बांटी। महिला मंडल की सदस्य होली गीतों पर जमकर थिरकी। मौके पर धमतरी राज अध्यक्ष सगुन पटेल, संरक्षक अशोक पटेल, नगर अध्यक्ष भूषण पटेल, धमतरी राज युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोशन पटेल, कोषाध्यक्ष प्रकाश पटेल, सचिव कोमल पटेल, बबला पटेल महिला मंडल संरक्षक चन्द्रकला पटेल, धमतरीराज उपाध्यक्ष विमला पटेल, सचिव पद्मनी पटेल, जानकी पटेल, सीमा पटेल, सतरूपा पटेल, ललिता पटेल, कमलेश पटेल, जगदीश पटेल, महेंद्र पटेल समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। यह जानकारी धमतरी राज मीडिया प्रभारी दिलीप पटेल ने दी है।

श्रमिकों को किया मतदान के लिए जागरूक

धमतरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले का हर वर्ग अपने-अपने स्तर पर लोकसभा चुनाव के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान हेतु लोगों को जागरूक कर रहा है। इसी कड़ी में श्रम विभाग के तहत जिले में अर्जुनी स्थित पीबीएस ऑयल मिल और ग्राम भोयना स्थित ईंट भट्ठे में कार्यरत 300 से अधिक श्रमिकों को मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान नारे एवं स्लोगन भी प्रदर्शित किये गये। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि इन संस्थानों में आसपास के गांवों से आए श्रमिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित करते हुए अपील की गई कि वे अपने परिवार और आसपास के लोगों को लोकतंत्र के पर्व में अवश्य भाग लेने कहें। साथ ही मतदान के लिए श्रमिकों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को मिलने वाली सुविधाओं सहित मतदान के दिन अवकाश एवं वेतन नहीं काटे जाने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में श्रम कल्याण अधिकारी सत्यनारायण अनंत एवं श्रम निरीक्षक जगदीश नेटी सहित संस्थान के संचालक एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कोसरिया यादव महासभा का वार्षिक अधिवेशन 4 मई को

धमतरी। ग्राम मुजगहन में छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव महासभा धमतरीराज के तत्वावधान में होली मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम के पूर्व महासभा अध्यक्ष बलराम यादव शकरवारा, सभापति गुहाराम यादव आमदी, संरक्षक आशाराम यादव, रामकुमार यादव सारंगपुरी, नारायणसिंह यादव पुरी के साथ समाजजनों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की। अध्यक्ष बलराम यादव ने आगामी 4 मई को आयोजित दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन पर चर्चा की। श्री यादव ने वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन करने 11 पालियों के वरिष्ठ पदाधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए कार्यभार दिया।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नवनिर्मित मंदिर का हुआ उद्घाटन

भुरसी मावली माता के दरबार में लगा भक्तों का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिहावा(नगरी)

महानदी के उद्गम स्थल व महर्षि बाबा श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि में विराजित क्षेत्र की आराध्य देवी मां भुरसी मावली में नवनिर्मित मंदिर का शुभारंभ व वास्तुपूजन का कार्यक्रम हुआ। लाखों की लागत से इस भव्य मंदिर का निर्माण किया गया। इस मंदिर के लिए लोगों ने खुलकर दान किया। दानदाताओं के सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया गया जिसक विधि-विधान पूर्वक शुभारंभ एवं वास्तु पूजन किया गया। इस अवसर पर हजारों भक्तगण शामिल हुए।

मान्यता है कि उनके दरबार में आने वाले भक्त को कभी खाली हाथ नहीं जाना पड़ता। मावली माता सभी भक्तों की मनोकामना पूरा करती हैं। मावली माता मंदिर के पुजारी लतखोर कश्यप ने बताया कि भक्तगण यहां अपनी मनोकामना के लिए पहुंचते हैं, जहां मावली माता से पुजारी द्वारा अर्जी की जाती है। मावली माता चावल और पुष्प गिराकर भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करती है। मावली माता के दर्शन के लिए भक्त दूर-दूर से पहुंचते हैं। बताया जाता है कि क्षेत्र में जब संक्रामक रोग फैलता है तो ग्रामीण मावली माता के पास सहायता के लिए पहुंचते हैं।

इस दौरान ग्राम पटेल राजेश यदु, अंजोर निषाद, नारायण पटेल, प्रवीण गुप्ता, रामाराव बघेल, संजय सारथी, चोखे पटेल, संतोष पटेल, नरेंद्र पटेल, देवव्रत सिंह गौतम, लकेश पटेल, नरेश कश्यप, प्रताप कश्यप, विजय निषाद, दिनेश निषाद, कैलाश नाग, नरेंद्र पटेल, पुनीत ध्रुव, टीकम ध्रुव, दिनेश खंडेलवाल सहित पांचोपारा सिहावा व अंचलवासियों की उपस्थिति रही।

गर्मी बढ़ते ही तरबूज की मांग बढ़ी

- प्रतिदिन हो रही एक हजार क्विंटल तरबूज की खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गर्मी बढ़ते ही लोग इससे निपटने के उपाय ढूंढ रहे हैं। तल्ख धूप, उमस भरी गर्मी तथा पारा 42 के पार जाने से लोगों का हलक सूख रहा है। सूखते गले को तर करने लोग ठंडे पेय पदार्थों का उपयोग कर रहे हैं, जिसमें तरबूज भी शामिल है। गर्मी को देखते हुए तरबूज की मांग सबसे अधिक हो रही है। थोक मंडी व्यापारी गजेन्द्र सोनकर ने बताया कि जिले में प्रतिदिन 1 हजार क्विंटल तरबूज की खपत हो रही है। मांग बढ़ते क्रम पर है। तरबूज का मीठा स्वाद और रसीला सबको भा रहा है। सूखे गले को तत्काल राहत मिल जाती है।

डॉ. एसके मंडल का कहना है कि तरबूज में औषधीय गुण होता है। यह गर्मी से बचाने के साथ ही हमारी सेहत और पाचन को भी ठीक रखता है। विटामिन, मल्टी विटामिन, कैल्शियम फास्फोरस आदि प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। गर्मी में इसका सेवन करना चाहिए।

तरबूज व्यापारी लाखन सोनकर का कहना है कि तरबूज को हर वर्ग के लोग बड़े शौक से खाते हैं। गर्मी में 3-4 महीने इसकी खपत बढ़ जाती है। खपत पूरी करने के लिए छत्तीसगढ़ के अलावा पड़ोसी राज्य उड़ीसा, उत्तरप्रदश से आयात करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि यूपी के बलिया, गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़ में बड़े पैमाने पर तरबूज की खेती होती है।

व्यापारियों ने बताया कि वर्तमान में तरबूज साइज के हिसाब से 50 रूपये से लेकर 150 रूपये प्रति नग बिक रहा है। शहर के रूद्री रोड, इतवारी बाजार, रामबाग बाजार, गोलबाजार, सोरिद चौक, सिहावा चौक सब्जी बाजार में तरबूज बिक्री के लिए रखा गया है।

दावा-आपत्ति 15 तक मंगाई गई

धमतरी। कृषि विभाग के जलग्रहण विकास घटक के अंतर्गत जलग्रहण परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए परियोजना क्रियान्वयन एजेंसी स्तर पर सदस्य, आजीविका (संविदा) की पूर्ति के लिए कम्प्यूटर कौशल परीक्षा आयोजित की गई थी। अभ्यर्थी का प्राप्त अंक, शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त अंक का 70 प्रतिशत तथा अनुभव में प्राप्त अंक मिलाकर मेरिट सूची तैयार कर जिले की वेबसाईट पर अपलोड की गई है। उपसंचालक कृषि द्वारा उक्त सूची में आगामी 15 अप्रैल तक दावा-आपत्ति मंगाई गई है। यह दावा-आपत्ति कृषि विभाग के जलग्रहण प्रकोष्ठ शाखा, कक्ष क्रमांक 59 में स्वयं उपस्थित होकर की जा सकती है।

ताम्रध्वज साहू की नामांकन रैली में शामिल हुए कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

लोकसभा कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू की महासमुंद में आयोजित नामांकन रैली में कुरूद विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिसमें प्रमुख तौर पर विधानसभा प्रत्याशी रहीं तारिणी नीलम चन्द्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुरुद आशीष शर्मा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भखारा राजू साहू, प्रदेश प्रतिनिधि सुश्री राजकुमारी दीवान, लक्ष्मीकांता हेमंत साहू, प्रभातराव मेघवाले, जगजीत कौर, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुरुद शारदा लोकनाथ साहू, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रहास साहू, जिला पंचायत सभापति सुमन संतोष साहू, जिला महामंत्री महामंत्री प्रमोद साहू, गिरीश साहू, रविन्द्र साहू, उत्तम साहू, रामेश्वर साहू, होमेंद साहू आदि शामिल थे।

राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता 24 से वाराणसी में

- छत्तीसगढ़ स्तरीय चयन स्पर्धा 7 अप्रैल को भिलाई में होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



फेडरेशन कप सीनियर फ्री स्टाइल एवं ग्रीकोरोमण, महिला राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता उत्तरप्रदेश कुश्ती संघ द्वारा वाराणसी उप्र में 24 से 26 अप्रैल तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ द्वारा चयन प्रतियोगिता 7 अप्रैल को बीएसपी अखाड़ा सेक्टर 3 भिलाई दुर्ग में आयोजित की गई है।

छग कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष लक्ष्मण साहू पहलवान, जिला सचिव विजय यादव एवं सदस्य होरीलाल साहू ने बताया कि चयन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक वजन, 2 बजे से कुश्ती प्रतियोगिता प्रारंभ होगी। यह तीन श्रेणी में होगी। पुरूष वजन समूह फ्री स्टाइल 37, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97, 125 किलोग्राम, पुरूष वजन ग्रीकोरोमन स्टाइल 55, 60, 63, 67, 72, 77, 82, 87, 97, 130 किलो ग्राम रहेगा। इसी प्रकार महिला वजन समूह फ्री स्टाइल में 50, 53, 55, 57, 59, 62, 65, 68, 72, 76 किलोग्राम है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आधार कार्ड, परिचय पत्र, वोटर कार्ड, लाइसेंस या पासपोर्ट, छग का निवासी प्रमाणपत्र की मूल प्रति, मार्कशीट की फोटोकापी अनिवार्य है। उम्र 20 या 20 से अधिक होनी चाहिए। 20 से कम होने पर मेडिकल या माता-पिता की सहमति अनिवार्य है। जन्म प्रमाण पत्र की फोटोकापी जरूरी है। चयनित प्रतिभागियों को उनके पते पर सूचना दी जाएगी। प्रतियागिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 200 रखा गया है। अधिक जानकारी के लिए संघ के लक्ष्मण साहू पहलवान, विजय यादव व सदस्य होरीलाल साहू से संपर्क कर सकते हैं।

प्रत्येक बूथ में जीत हासिल करने बनाएं कार्ययोजना : रंजना

- लोकसभा चुनाव को लेकर भोथली व गंगरेल मंडल की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुनः फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को लेकर धमतरी विधानसभा के भोथली मंडल एवं गंगरेल मंडल के शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी व सहप्रभारी की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने चुनाव जीतने मंडल पदाधिकारियों के साथ चर्चा की।

बैठक में श्रीमती साहू ने कहा कि प्रत्येक बूथ में जाकर लक्ष्य हासिल करने कार्यकर्ताओं से मिलकर कार्ययोजना बनाएं जिससे लोकसभा चुनाव में धमतरी विधानसभा क्षेत्र से अधिक से अधिक वोटों से जीत सुनिश्चित कर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र जीतने में अधिक योगदान दें। धमतरी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव संचालक प्रकाश गोलछा ने कहा कि मंडल पदाधिकारी अपना बूथ मजबूत बनाने मतदाता से सीधा सम्पर्क करें।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, जिला महामंत्री अविनाश दुबे, जिला मंत्री बीथिका विश्वास, भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर, गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू सहित मंडल के सभी पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक प्रभारी व सहप्रभारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सी विजिल, वेबकॉस्टिंग कक्ष सहित पंजियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

व्यय प्रेक्षक ने सिहावा विस के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों की ली बैठक

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक संदीप मण्डल ने जिले के विधानसभा क्षेत्र सिहावा के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी, सहायक व्यय प्रेक्षक, एसएसटी, एफएसटी दल के अधिकारियों की बैठक लेकर यहां स्थापित नाकों की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने आबकारी एक्ट के तहत सिहावा विधानसभा में की गई कार्यवाही के बारे में पूछा। उन्होंने जीएसटी बिल की जांच कर अधिनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने कहा और आयकर विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने 10 लाख रूपये से अधिक के लेनदेन पर निगाह रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। साथ ही सभी कार्यवाहियों की वीडियोग्राफी भी कराने कहा।

व्यय प्रेक्षक श्री मण्डल ने इस दौरान कलेक्टोरेट स्थित सी विजिल, वेबकास्टिंग कक्ष तथा जिला पंचायत में कांकेर लोकसभा के सिहावा विधासभा के लिए स्थापित निर्वाचन व्यय निगरानी कक्ष और राजनीतिक दलों के लिए तैयार किए गए पंजियों का भी अवलोकन किया।

व्यय प्रेक्षक ने इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया अनुवीक्षण इकाई सहित प्रिंट और रेडियो अनुवीक्षण इकाई के कार्यों की भी जानकारी ली। इस दौरान मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण इकाई के नोडल अधिकारी विनय पोयाम ने बताया कि एमसीएमसी की उपसमिति के सदस्यों द्वारा नाम निर्देशन की प्रारम्भिक तिथि से नियमित रूप से प्रतिवेदन निर्धारित प्रारूप में व्यय लेखा टीम और सहायक व्यय प्रेक्षक को प्रेषित किया जा रहा है। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अकाल मृत्यु से बचने भागवत कथा का श्रवण करें : झम्मन शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम डोटोपार में चतुर्वेदी परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर आचार्य झम्मन शास्त्री महाराज ने कहा कि कथा के माध्यम से अंतः करण को शुद्ध किया जाता है। भगवान को पाने की इच्छा हो तो परीक्षित और सुखदेव का संवाद सुनें।

इससे जीवन धन्य हो जाएगा। अकाल मृत्यु से बचने के लिए भागवत कथा का श्रवण अवश्य करें। प्रभु की लीला के बगैर न कोई जन्म ले सकता है और न ही किसी की मृत्यु हो सकती है। सभी कालचक्र में ईश्वर की सहमति विद्यमान रहती है। जीवन का उद्देश्य ईश्वर को पाना है न कि केवल धन, वैभव और जीवकोपार्जन में लगे रहना है।

शीतला मंदिर में जोत पंजीयन प्रारंभ

मगरलोड। चैत्र नवरात्रि 9 अप्रैल से शुरू हो रही है। ग्राम राजपुर के शीतला मंदिर में ग्रामवासियों व श्रद्धालु द्वारा चैत्र नवरात्रि पर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है। माता के दरबार में मनोकामना ज्योति के लिए पंजीयन प्रारंभ हो गया है। मनोकामना ज्योति पंजीयन शुल्क 701 रूपये हैं। नवरात्रि की तैयारी में ग्रामवासी जुटे हैं।

शत-प्रतिशत मतदान के तहत मतदान जागरुकता रक्तदान शिविर का आयोजन

जिला अस्पताल में कलेक्टर, सीईओ ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जैन समाज और रक्तदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने ली शपथ

लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के मद्देनजर मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल में किया गया। शिविर में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव सहित जैन समाज व अन्य नागरिक भी रक्तदान करने आगे आये।

इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के कार्यक्रम को जोड़ते हुए जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने कहा कि रक्तदान को श्रेष्ठ दान की श्रेणी में रखा गया है, क्योंकि इससे किसी व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है।

कलेक्टर ने बताया कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति 3 माह में एक बार रक्तदान कर सकता है। जैन समाज सहित अन्य सामाजिक संगठन समय-समय पर इस कार्य के लिए आगे आते है। जिला अस्पताल में ब्लड बैंक की सुविधा को भी विकसित करने की बात कलेक्टर ने कही।

सीईओ रोमा श्रीवास्तव ने कहा कि उन्होंने पहली बार रक्तदान किया है, अच्छा अनुभव रहा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जरूरत पड़ने पर जरूर रक्तदान करें। इस दौरान जैन समाज के पदाधिकारी, रक्तदान करने आये नागरिक सहित उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी, जिला अस्पताल के अधिकारी-कर्मचारियों ने निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा अन्य लोगों को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने की शपथ ली। रक्तदान शिविर में डीएचओ डॉ. यूएल कौशिक, डॉ. ए नसीम, डॉ. राकेश सोनी, डॉ. जेएस खालसा, डॉ. एस मधुप, डॉ. लोकेश साहू, डीपीएम प्रिया कंवर, डॉ. श्रेया, डॉ. आदित्य सिन्हा, डॉ. श्रीमती वैष्णव, गुरूशरण साहू, पूजा गायकवाड, सुमन नागवंशी, बीके वर्मा उपस्थित थे।

स्वतंत्रता सेनानी डॉ. शोभाराम देवांगन को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर के ब्राह्मणपारा वार्ड में स्वतंत्रता सेनानी डॉ. शोभाराम देवांगन की 40 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। वार्ड पार्षद राजेश पांडे, त्रिभुवन देवांगन एवं वार्डवासियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पार्षद श्री पांडे ने डॉ. शोभाराम देवांगन के जीवन पर प्रकाश डाला।

इस दौरान ऋषभ देवांगन, जगदीश देवांगन, गौरीशंकर देवांगन, गिरधारी देवांगन, चंद्रकांत देवांगन, गौतम देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, कुशल देवांगन, रत्ना देवांगन, रेखा देवांगन, मंथरा देवांगन, विद्या देवांगन, कौशल्या देवांगन, देवधर देवांगन, अरुण देवांगन, हुकुम देवांगन सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

योग भवन में होली मिलन कल

महासमुंद। दिव्य जीवन संघ द्वारा 5 अप्रैल शुक्रवार को होली मिलन का कार्यक्रम संध्या 6 बजे से योग भवन कचहरी चौक में किया गया है। इसमें शहर के लोग परिवार इष्टमित्रों सहित मिलन समारोह में बड़ी संख्या में शामिल होंगे। किसी भी प्रकार के रंग गुलाल पूर्णतः वर्जित हैं। पलाश के फूलों के साथ होली खेली जाएगी। उक्ताशय की जानकारी दिव्य जीवन संघ के दौलत चंद्राकर एवं तारेंद्र चंद्राकर ने दी है।

पांचवीं के छात्रों को दी गई विदाई

बागबाहरा। शाकीय प्राथमिक शाला सोनापुटी में कक्षा 5वीं के बच्चों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अतिथि के रूप में भीमसेन चंद्राकर पूर्व संकुल समन्वयक खोपली, टिकेश्वर कुम्हार अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सोनापुटी व पालक गण ओमप्रकाश लुकेश्वरी दीवान, उपाध्यक्ष यादराम मनीराम व अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रधान पाठक हेमंत कुमार साहू एवं शिक्षिका प्रभा चौहान द्वारा 5वीं के बच्चों को जूती, पेनबाक्स, टीशर्ट दिया गया। प्रधान पाठक द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया था। जिसमें खीर, पूड़ी परोसा गया।

संगम सेवा समिति ने की पेयजल की व्यवस्था

सरायपाली। संगम सेवा समिति द्वारा तहसील कार्यालय एवं उपपंजीयक रजिस्ट्री ऑफिस में आने वाले लोगों के लिए ठंडे पानी पाउच की व्यवस्था की गई। समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल ने बताया कि अप्रैल माह आते आते मई जून तक गर्मी बहुत बढ़ जाती है, जिस वजह से बाहर से आने वाले ग्रामीण लोगों की सुविधा के लिए समिति द्वारा ठंडे पानी की व्यवस्था कराई जा रही है। कोई भी व्यक्ति समिति के स्टाल के पास जाकर इस सेवा का लाभ ले सकता। मैं सभी लोगों से अपील करना चाहता हू की पानी व्यर्थ ना बहाए और जितना हो सके गर्मी के दिनों में पानी की सेवा करें। अपने घर के बाहर जानवरों मवेशियों के लिए पानी की व्यवस्था करें।

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता आज

महासमुंद। जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदाता जागरुकता अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 4 अप्रैल 2024 को मिनी स्टेडियम महासमुंद में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत समस्त ग्रामीण एवं शहरी खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में युवा मतदाताओं में बढ़-चढ़कर निर्वाचन के प्रति जागरुकता लाने के उदेश्य से रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में महासमुंद विकासखंड के युवा खिलाड़ी (ग्रामीण एवं शहरी) अपनी टीम बनाकर इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। विकासखंड स्तरीय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वह टीम महासमुंद जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 12 अप्रैल 2023 को होगी। प्रतियोगिता में 01 टीम में कुल 15 सदस्य का नाम देकर प्रतियोगिता में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है और अधिक जानकारी के लिए आप महासमुंद के लिए हिरेंद्र कुमार साहू, सेवनदास मानिकपुरी एवं गणेशराम कोसरे, बागबाहरा से हिरेंद्र कुमार देवांगन, शैलेन्द्र कुमार शुक्ला, पिथौरा से गौरी शंकर पटेल, बसना से इमरान दयाला एवं सरायपाली सें लखेश्वर कुमार भोई व्यायाम शिक्षक से संपर्क कर सकते हैं।

शहर में दो जगह प्याऊ घर का शुभारंभ

महासमुंद। उत्कल दिवस पर छग करण महांती समाज द्वारा नगर के 2 स्थानों पर प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया। पहला फव्वारा चौक (लोहिया चौक) में प्रकाश महांती ने अपने माता-पिता स्व. ध्रुवचरण महांती व महादेवी महांती की स्मृति में प्याऊ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग ने दीप जलाकर प्याऊ का उद्घाटन किया। दूसरा प्याऊ तुमगांव रोड गुलशन चौक में किया गया। स्व.युधिष्ठिर महांती के स्मृति में प्रारंभ किए गए प्याऊ का उद्घाटन उनकी पत्नी सूर्यकांति महांती ने किया। इस अवसर पर महांती समाज के अध्यक्ष मनोहर महांती मौजूद रहे।

संसार में माता है लाजवाब, जो सभी दोषों को करती है माफ

श्रीराम कथा में आचार्य ने सीताहरण का प्रसंग विस्तार से सुनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

संसार में चोट खाकर कोई क्षमा कर सकता है तो वह मां है। उक्त बातें जनपद पंचायत मैदान कसडोल में युवा आस्था मंच द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के आठवें दिन आचार्य सागर मिश्रा ने कही।

उन्होंने कहा कि जब जयंत माता सीता के पैर में चोंच मार देता है उसे देखकर रामजी ब्रम्हास्त्र छोड़ते हैं दूसरी ओर से नारद को भेजकर जयंत को बचाने कहते हुए भेज दिया और जब जयंत भगवान के शरणागत हुए तो माता ने उसे क्षमा कर दिया। उन्होंने अगस्त और सुतीक्षण मुनि की कथा बताते हुए कहा कि सद्गुरु देव की क्रोध भरी वाणी भी काम आती है। इस लिए सद्गुरु के क्रोध की वाणी को भी आशीर्वाद मानना चाहिए। उन्होंने सीता हरण का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि रावण ने सीता का प्रतिबिंब को ले गया था। एक बार लक्ष्मण कंदमूल लाने गया था उसी समय श्रीराम ने एकांत में सीता को अपनी लौकिक लीला करने की बात कहते हुए माता सीता को अग्नि में प्रवेश करने कहा और माता सीता अग्नि में प्रवेश करते हुए अपना प्रतिबिंब छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि सीता हरण में रावण का मन दूषित नहीं था, बल्कि सीता को यह कह कर मन ही मन प्रणाम करते हुए कि हे माता आप जब तक मेरे लंका में नहीं जायेंगे, तब तक मेरे रघुनाथ मेरे लंकापुरी नहीं जायेंगे। उन्होंने जटायु प्रसंग सहित श्रीराम की अमृत रूपी कथा का रसपान श्रोताओं को कराकर मन गदगद कर दिया। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी शिव डहरिया सहित हजारों की संख्या में कसडोल नगर सहित आस पास एवं दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालु उपस्थित थे।

नामांकन रैली में शामिल हुए कांग्रेसजन

महासमुंद। मंगलवार को अंकित बागबाहरा बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों के साथ लोकसभा प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के नामांकन रैली में शामिल हुए।

नालियों की नियमित सफाई नहीं, पनप रहे मच्छरः तुषार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांधी चौक के आसपास नालियों की नियमित साफ-सफाई नहीं होती। इससे नालियों में मच्छरों का डेरा है।

स्वच्छ भारत मिशन का जिला मुख्यालय में बुरा हश्र है। बदहाली का आलम यह है कि नपा क्षेत्र के कई वार्डों की नालियों की सफाई नहीं होने से कीचड़ से बजबजा रही है तो कहीं नालियों से बहकर कीचड़ रास्तों पर आने से राहगीरों को परेशानी हो रही है। वार्डवासियों का कहना है कि साफ-सफाई नियमित तौर से नहीं होती। नालियों में मच्छर पनप रहे हैं। ऐसे में मच्छरों व गंदगी से फैलने वाली बीमारियों की चपेट में आने की आशंका है। खास बात यह है कि बरसात का सीजन भी आने वाला है, पर जिम्मेदार इस ओर गौर नहीं कर रहे हैं। साफ-सफाई अब सिर्फ मुख्य मार्ग तक ही सीमित रह गई है। सड़क किनारे बसे वार्ड तक सफाईकर्मी नहीं पहुंच रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि साल में एक या दो बार ही नालियों की सफाई होती है। इससे नालियां जाम रहती हैं।

सबसे अधिक परेशानी बारिश के दिनों में होती है, क्योंकि बारिश का पानी नाली के गंदे पानी के साथ मिलकर सड़क में बहने लगता है। इससे दुर्गंध के अलावा मच्छर भी बढ़ जाते हैं।

महिला मतदान अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मतदान कार्य संपन्न कराने के लिए 900 महिला अधिकारी-कर्मचारियों को पीठासीन एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2 और 3 के रूप में दायित्व सौंपा गया है। इन महिला मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का विशेष प्रशिक्षण सभी विकासखंड मुख्यालयों में दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी एस आलोक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू, जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने प्रत्येक कक्ष में जाकर महिला मतदान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया तथा उन्हें बिना किसी भय के मतदान कार्य संपन्न कराने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी नंदकिशोर सिन्हा, जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ध्रुव, संजय मांझी उपस्थित थे।

स्वच्छता दीदियों ने अपनी ई-रिक्शा में स्टीकर लगाकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार यात्री वाहनों में मतदाता जागरुकता संबंधी स्टीकर चिपकाया जा रहा है। इसके जरिए जिले में शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत बुधवार को स्वच्छता दीदीयों ने स्वीप 2024 लोकसभा निर्वाचन महासमुंद के द्वारा तैयार मतदाता जागरुकता स्टिकर अपने ई-रिक्शा सहित शहर के सवारी ऑटो में लगाए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने बताया कि नगर में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत अनेक तरह के कार्यक्रम आयोजित कर मतदान में ज्यादा से ज्यादा मतदान हो, इसको लेकर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम को लेकर नगर पालिका के समस्त वाहनों सहित सवारी वाहनों में मेरा भविष्य, सशक्त लोकतंत्र, प्रभावी प्रतिनिधित्व, समावेशी विकास, बेहतर भविष्य लिखा हुआ स्टीकर लगाकर मतदाताओं को लोकतंत्र का महापर्व 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

लोकसभा चुनाव में होगा कांग्रेस का सूपड़ा साफः रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य व पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि रमेश साहू ने प्रदेश के सभी 11 सीट जीतने का दावा किया। वही, कांग्रेस पार्टी के लोकसभा 2024 में सूपड़ा साफ होने का दावा करते हुए कहा कि इस बार कांग्रेस पार्टी लोकसभा के चुनाव में इतनी भी सीटें हासिल नहीं कर पाएंगी कि वह नेता प्रतिपक्ष बन पाए। रमेश ने कहा कि छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव से पहले जनता ने मन बना लिया है, कि वह देश के लिए वोट करेगी। केंद्र सरकार के 10 वर्ष के कार्य को जनता ने पसंद किया है, लोगों को मोदी की गारंटी पर विश्वास है। रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल के कार्यकाल में जिस तरह से भारत का विकास किया, भाजपा शासित राज्यों के अलावा अन्य राज्यों का भी बिना भेदभाव के विकास किया तथा जनता को मोदी की गारंटी का लाभ पहुंचाया है, उस पर देश की जनता को विश्वास है तथा इस बार पूर्ण बहुमत से केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने प्रतिबद्ध हैं।

श्रीराम मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

महासमुंद। स्थानीय श्री राम मंदिर महासमुंद में प्रति मंगलवार को शाम 6 बजे से 7 बजे तक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन नियमित रूप से जारी है। इसी क्रम में इस मंगलवार का प्रमुख विषय प्रमुख विषय गौ पालन एवं गौ सवर्धन रखा गया।जिसमें मुख्य वक्ता मां गायत्री गौशाला एवं पतंजलि योगपीठ के प्रमुख तिलक साव के द्वारा बताया गया कि जिस प्रकार मनुष्य का शरीर पांच तत्वों अग्नि,वायु,मिट्टी,पानी और आकाश से मिलकर बना है ठीक उसी प्रकार गौ माता के पंच द्रव्य गोबर, गोमूत्र, मक्खन, घी और दूध से हमारा जीवन नियोग एवं स्वस्थ बनता है। हमें अपने जीवन में ऑक्सीजन का लेवल ऊपर उठाने के हमें घर में गोपालन करना चाहिए जिससे घर में ऑक्सीजन का लीवर एवं स्वस्थ पारिवारिक वातावरण नियमित हो। आगामी मंगलवार का प्रमुख विषय

भारत माता की सेवा एवं भारत माता का आरती रखा गया है।

श्रीराम मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा एवं संध्या आरती का आयोजन आचार्य नारायण महाराज एवं शत्रुघ्न दास महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है नगर के सभी श्रद्धालुओं से भी अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रति मंगलवार शाम 6 बजे राम जानकी मंदिर गांधी चौक महासमुंद अपनी उपस्थिति दे कर सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं आरती का लाभ उठाएं। इस मंगलवार के हनुमान चालीसा में प्रमुख रूप से श्री राम मंदिर के पुजारी आचार्य नारायण महाराज, शत्रुघ्न दास, बलराम दास, गोवर्धन, संतोष दास, सुरेंद्र दास, उत्तम वर्मा, बबल चंद्राकर, राम सिंह साहू, धनेंद्र चंद्राकर, रामेश्वर पांडे, रामेश्वर साहू, रहील गुप्ता, गुड्डू सिंहा, जानकी बाई, शकुन चंद्राकर, माला चंद्राकर, कृष्ण तंबोली, वंदना सेन, अदिति चंद्राकर एवं बहुत सी महिलाएं उपस्थित थे।

केंद्र में सरकार बनी तो कांग्रेस देगी युवाओं, महिलाओं, किसानों को 5-5 गारंटियां : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी तो युवाओं, महिलाओं व किसानों की समृद्धि के लिए पांच-पांच गारंटियां पूरी की जाएगी। चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है, पूरे देश सहित यहां के अन्नदाता किसानों को किसान न्याय की गारंटी मिलने से वे समृद्ध होंगे तथा उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर एमएसपी को कानूनी दर्जा मिलेगा। किसान आर्थिक रूप से सक्षम होगा, खुशहाल होगा। बीते 10 वर्ष में मोदी सरकार ने किसानो की आमदनी दोगुनी करने उपज का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने जैसे वादों को पूरा नहीं किया, बल्कि किसानों को कमजोर करने एवं पूंजीपतियों का गुलाम बनाने के लिए तीन काला कृषि कानून लाया जिसका कांग्रेस ने पुरजोर विरोध किया था।

पेंशनर एसोसिएशन का होली मिलन समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेमचा के गायत्री मंदिर प्रांगण में पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा महासमुंद की होली मिलन एवं नियमित बैंठक का आयोजन किया गया। बैठक के प्रारंभ संगठन के अध्यक्ष राम कुमार साहू, उपाध्यक्ष चंद्रबदन मिश्रा, सुग्रीव प्रसाद तिवारी, राकेशधर शर्मा, लूनकरण साहू एवं पुरूषोत्तम शर्मा द्वारा मां सरस्वती की विधिवत पूजन से किया गया। बैठक के प्रथम कड़ी में नये सदस्यों क्रमशः लूनकरण साहू उद्योग विभाग, मिलऊराम कंवर, सालिकराम कंवर, नारायण साहू, लोक निर्माण विभाग, राकेशधर शर्मा, नंदकुमार शर्मा, निरंजन राम साहू शिक्षा विभाग, विष्णुराम साहू, सोनमत बाई आदि जल संसाधन विभाग का स्वागत अध्यक्ष राम कुमार साहू एवं संगठन मंत्री चमन लाल साहू द्वारा गुलाल लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर किया गया। तत्पश्चात संगठन के वरिष्ठ सदस्य भगत राम साहू के अनुज भ्राता चम्मन लाल साहू के आकस्मिक निधन हो जाने के कारण दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसी क्रम में संगठन के सचिव शिव कुमार साहू के अनुज भ्राता नारायण साहू एवं डीके दीवान हास्पिटलाईज है। उनके जल्द स्वस्थ्य होने के लिए सभी पेंशनरों द्वारा अपने-अपने इष्टदेव से प्रार्थना की गई। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में पेंशनरों की समस्याएं सुनी गई, जिसमें जल संसाधन विभाग से सेवानिवृत्त गुलाब साहू भोरिंग द्वारा अवगत कराया गया कि उनका पेंशन निर्धारण हो चुका है। भारतीय स्टेट बैंक में उनका खाता है, जहां से वेतन जमा होता था। वह जून 2023 से बैंक तथा कोषालय में चक्कर काटते काटते परेशान हो चुका है, आज तक उन्हें पेंशन भुगतान नहीं की जा रही है। संगठन द्वारा उनकी समस्याएं सुनी गई, संबंधित कार्यालय में संपर्क कर यथाशीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। कोषाध्यक्ष विनोद जोशी द्वारा वर्ष 2023-24 की आय व्यय की संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत की गई।

ऐसे कर्मचारियों को 12 से 17 अप्रैल के बीच जमा करना होगा निर्वाचन प्रारूप 12घ

चुनाव दल डाकमत पत्र के माध्यम से करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अनिवार्य सेवा कर्मी द्वारा किए जाने वाले डाक मत पत्र के संबंध में बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ के लिए 10 सेवाओं को "अनिवार्य सेवा" के रूप में अधिसूचित किया है। इन 10 सेवाओं में स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, रेल परिवहन, डाक एवं टेलीग्राम विभाग, बीएसएनएल, आल इण्डिया रेडियो, दूरदर्शन, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, मीडियाकर्मी जिन्हें आयोग की अनुमति से प्राधिकार पत्र जारी किये जाएंगे एवं भारतीय खाद्य निगम शामिल हैं। अनिवार्य सेवा के रूप में अधिसूचित किए जाने से इन सेवाओं के ऐसे कर्मचारी, जो अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते है, केवल उनके लिए डाकमत पत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की जाती है। ऐसे सभी कर्मियों को प्रारूप 12घ पर निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिनों के भीतर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन करना होगा। ऐसे में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कर्मियों को अधिसूचना दिनांक 12 से 17 अप्रैल के बीच आवेदन करना होगा। प्रारूप 12घ में आवेदन करने वाले कर्मचारी को आवेदन में अपना मोबाइल नम्बर, वोटर आईडी नंबर एवं मतदाता सूची में भाग संख्या एवं सरल क्रमांक सही–सही दर्ज करना होगा। उन्हें वोटर आईडी कार्ड की छायाप्रति भी साथ में संलग्न करना होगा। निर्वाचक नामावली में कर्मचारी की अद्यतन भाग संख्या एवं सरल क्रमांक पता करने हेतु वोटर हेल्पलाइन एप्प का उपयोग किया जा सकता है जिसमे वोटर आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। जिला स्तर पर नोडल अधिकारीयों को फॉर्म 12घ में प्राप्त आवेदनों को इसके भाग 2 में सत्यापित करना अनिवार्य होगा। नियत समयावधि तक प्राप्त सभी पात्र अनुपस्थित अनिवार्य श्रेणी के मतदाताओं को जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित कर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर जिले में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा निर्धारित किए गए लगातार 3 दिनों तक 26 से 28 अप्रैल सुबह 9 से सायं 5 बजे तक संचालित किया जाएगा। पोस्टल वोटिंग सेंटर की स्थापना की सूचना से निर्वाचन लड़ने वाले सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जाएगा, ताकि वे मतदान की कार्यवाही के दौरान स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहकर इसका अवलोकन कर सकें। इसके साथ ही सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। प्रत्येक दिवस मतदान उपरान्त पोस्टल वोटिंग सेण्टर से प्राप्त सभी डाक मतपत्रें को ट्रेजरी स्थित स्ट्रांग रूम में रख कर मतपेटी को सील किया जाएगा।फॉर्म 12घ में आवेदन प्राप्त होने और इसके स्वीकृत होने पर मतदाताओं को पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापना की तिथि एवं स्थान सम्बन्धी सूचना प्रदान की जाएगी, जिससे कि वे आकर अपना मतदान कर सकें। ऐसे सभी मतदाता मतदान दिवस को मतदान केंद्र पर अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। इसलिए इन सेवाओं के ऐसे व्यक्ति जो मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर अपना वोट डालने में सक्षम है उन्हें इस सुविधा की पात्रता नहीं होगी और उन्हें आवेदन फॉर्म 12घ नहीं भरना होगा। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ अवधेश पाणिग्राही, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बैनर्जी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बृजेन्द्र ठाकुर, खाद्य अधिकारी चित्रकांत धुरव, मार्कफेड अधिकारी मनोज यादव, कार्यपालन अभियंता विद्युत नरेन्द्र नायक, जिला प्रबंधक खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम सूर्यकांत शुक्ला, आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, जनसंपर्क अधिकारी देवराम यादव, तहसीलदार शनि पैकरा, कोमल साहू, रूपाली मेश्राम, पूनम तिवारी, कमलेश सिदार, मास्टर ट्रेनर चूड़ामणि गोस्वामी सहित जेल एवं अन्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यायालय नायब तहसीलदार लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// सूचना पत्र //

क्रमांक 1345 / ना. तह. / वाचक / 2024
लवन, दिनांक 18/03/2024
अ-6 / वर्ष 2022-23

प्रति,

01. चंद्रीका प्रसाद, पिता खोलाराम जाति तेली, 02. दौरिका प्रसाद पिता खोलाराम जाति तेली, 03. विष्णु प्रसाद पिता खोलाराम जाति तेली, 04. कौशिल्या पिता खोलाराम जाति तेली, 05. रामप्रसाद पिता जनकराम जाति तेली, उम्र 83 वर्ष, सभी कास्तकार ग्राम सिरियाडीह, तहसील लवन, जिला - बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

अतएव द्वारा इस तहरिर के जरिये आपको सुचित किया जाता है कि आवेदक दाऊराम पिता कन्हैया जाति मरार निवासी ग्राम सिरियाडीह तहसील लवन, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सिरियाडीह प.ह.नं. 33 स्थित भूमि खसरा नं 306/3 रकबा 0.243 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को अनावेदक रामप्रसाद पिता जनकराम जाति तेली निवासी ग्राम सिरियाडीह के द्वारा आवेदक के पक्ष में उप पंजीयक बलौदाबाजार के समक्ष दिनांक 01/06/2005 को पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतएव आप उक्त संबंध में दिनांक 08/04/2024 को दिन के 11:00 बजे न्यायालय में मेरे समक्ष उपस्थित होना सुनिश्चित करे।

यह सूचना आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
लवन

खबर संक्षेप

छात्रवृत्ति परीक्षा में धनेश्वरी का चयन

महासमुंद। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला साराडीह में 2009 से राष्ट्रीय सह साधन प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन होते आ रहे है। इस वर्ष भी 2024 में धनेश्वरी निराला चयन हुआ है। चयन पर धनेश्वरी के पिता नारायण निराला एवं साराडीह के सरपंच साजन यादव, प्राथमिक शाला के शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

महासमुंद। नेहरू युवा केंद्र संगठन महासमुंद और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी अर्पित कुमार तिवारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अंजलि शर्मा के नेतृत्व में बागबहारा ब्लॉक में मिशन लाइफ एवं ओडीएफ प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण और मिशन लाइफ के उद्देश्यों को लोगों को बताया जा रहा है। मिशन लाइफ में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उत्तरदायित्व रहने का सलाह दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें प्रथम, द्वितीय विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। फोटो_समाचार, खरोरा

छत्रपति शिवाजी की पुण्यतिथि मनाई

महासमुंद। ग्राम खरोरा में देश के अदम्य साहस और वीरता के प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, जया चंद्राकर, गायत्री चंद्राकर, शशि चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

योगाभ्यास के साथ सत्संग का आयोजन

महासमुंद। दिव्य जीवन संघ आश्रम से बरमपुर (ओडिशा) दिव्य जीवन संघ योगभवन में स्वामी गुरुशरणानंद महराज ने सुबह योगभ्यास कराया एवं शाम 7 बजे से सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें स्वामी द्वारा सतसंग में गुरु की भक्ति और शक्ती के बारे में विस्तार से बताया गया। और कहा कि योग से लोग निरोग हो सकते हैं। योग सांसों के साथ सहीं ढंग से करने से फायदा मिलेगा। आज की भागमभाग जिंदगी में योग से ही जीवन शैली में सुधार किया जा सकता हैं, इसलिए योग के साथ योग ध्यान योग निद्रा का विशेष महत्व है।

निधन

निरंजन प्रसाद वर्मा

रवान। समीपस्थ ग्राम पंचायत करमदा निवासी 80 वर्षीय निरंजन प्रसाद वर्मा का गत दिनों निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। वह गांव का प्रतिष्ठित किसान, अपने समय में टेलर, गन्ना वाले किसान के रूप में लोकप्रिय था। वह स्व. सुरेश वर्मा, सुनील वर्मा के पिता एवं नवीन, हिमांशु, मनीष वर्मा के दादा थे।

शाला विकास समिति ने स्कूल में किया न्योता भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

प्राथमिक शाला भवानीपुर में शाला विकास समिति के सदस्यों के द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। न्योता भोज के तहत खीर, पूरी, जलेबी, हलुवा, दाल, चावल, सब्जी सलाद जैसे पकवानों का आनंद बच्चों ने लिया। विदित हो कि न्योता भोज समूह या संगठन कोई व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से अपने परिवार के किसी खास अवसर पर्व पर इस तरह के आयोजन कर विद्यालय के बच्चों को पूरक पोषण आहार उपलब्ध करा सकते हैं। न्योता भोज पाकर बच्चे काफी प्रफुल्लित नजर आये। इस अवसर पर सरपंच नारायण निषाद, प्राचार्य शिव कुमार साहू, संकुल समन्वयक विष्णु कुमार फेकर, प्रधानपाठक नरेन्द्र चंद्राकर, टंक राम शर्मा, शिक्षक खेमलाल साहू, बिपेंद्र बघेल, हेमराज दीवान, झाल बाई गेंड्रे, संतोष साहू, धनेश्वर साहू, कोमल चंद्राकर, संतोष साहू,ओंकार प्रसाद ध्रुव, सोहनलाल ध्रुव, विजय कुमार साहू, भारत लाल साहू, फुलेश्वरी साहू, पुष्पा सेन, सुमन ध्रुव, दीप्ति ढीढी, रानी साहू, ममता साहू, शकुन साहू, संतोषी साहू, पूर्णिमा साहू एवं लाल देवदास संजू साहू उपस्थित थे।

मिडिल स्कूल के छात्रों को परोसा गया न्योता भोज

सिमगा। विकासखंड सिमगा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा में भृत्य स्व. संतराम साहू की स्मृति में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें मिडिल स्कूल के छात्र–छात्राओं ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। नवापारा स्कूल में पहला आयोजन महिला स्व-सहायता समूह नवापारा द्वारा किया गया था। यह दूसरा आयोजन स्व. संतराम साहू के पुत्र नरेश साहू द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें रसगुल्ला, सलाद, दाल–चावल, पापड़ खीर–पूरी का विशेष प्रबंध किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संतराम के जीवन काल और उनके द्वारा स्कूल में किए गए सेवा और योगदान से हुई। आयोजन के लिए समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने नरेश साहू का आभार व्यक्त किया।

निर्देश : कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों से की चर्चा

मांग और शिकायत के आवेदनों का हो नियमानुसार निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के कार्यों के प्रगति के संबंध में समय सीमा की बैठक ली। बैठक में श्री साहू ने सभी विभागों से प्राप्त आवेदनों, शिकायतों, मांग आदि के संबंध में एक–एक कर सभी का निराकरण के लिए अधिकारियों से किए गए कार्यवाही से आमने–सामने बातचीत की। बैठक में जिले के हितग्राही पेंशन, सड़क निर्माण के दौरान वृक्ष कटाई का मुआवजा, राजस्व के नामांतरण, सीमांकन, व्यवस्थापन, किसानों का केवायसी, केसीसी, खनिज उत्खनन और शिकायत, स्वास्थ्य अंतर्गत सिकलसेल, न्यायालय प्रकरण आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी विभाग में मांग, शिकायत, आवेदन प्राप्त होता है तो उसे विभागीय नियम अनुसार उनका निराकरण करें। श्री साहू ने सड़क दुर्घटना के एक प्रकरण में तहसीलदार पूनम तिवारी को कहा कि प्रकरण की क्या स्थिति है। इसके साथ ही सरिया के एक सड़क दुर्घटना के मुआवजा के संबंध में कलेक्टर ने तहसीलदार शनि पैकरा से उस प्रकरण के स्थिति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना के पीड़ित परिवार को राजस्व पुस्तक परिपत्र के अनुसार सहायता देना है। इसके साथ ही उनके परिजनों को वाहन दुर्घटना बीमा क्लेम की राशि के लिए कोर्ट में आवेदन करने के लिए समझाईश देने के निर्देश दिए। तहसीलदार श्री शनि पैकरा ने बीमा क्लेम के संबंध में कोर्ट में अर्जी के लिए पीड़ित परिवार को समझाइश दिए जाने की जानकारी कलेक्टर साहू को दी। कलेक्टर ने अपेक्स और कृषि विभाग के अधिकारियों से केसीसी, धान बीज, केवायसी, आधार सीडिंग आदि के संबंध में जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने अपेक्स बैंक को किसानों को एटीएम कार्ड दिए जाने के संबंध में आवश्यक तैयारी के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सीएमएचओ अवधेश पाणिग्राही से सिकलसेल बीमारी के संबंध में व्यापक जनजागरूकता के लिए कहा, ताकि वे विवाह के पूर्व अपने जीवनसाथी के चयन के पूर्व सिकलसेल की जांच कराकर इस बीमारी के रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाएं। इस अवसर पर एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, नोडल अधिकारी स्वीप हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ अवधेश पाणिग्राही, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बैनर्जी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बृजेन्द्र ठाकुर, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, मार्कफेड अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक व्यासनारायण साहू, कार्यपालन अभियंता विद्युत नरेन्द्र नायक, जिला प्रबंधक खाद्य, नागरिक आपूर्ति निगम सूर्यकांत शुक्ला, आबकारी अधिकारी सोनल नेताम, कोषालय अधिकारी चन्द्रपाल सिंह ठाकुर, समाज कल्याण अधिकारी विनय तिवारी, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, लीड बैंक अधिकारी सुरेश दामके, सीएमओ राजेश पांडेय, मधुलिका चंदेल, अनिल सोनवानी, बीईओ नरेश चौहान, एसडीओ पीएचई कमल कंवर, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेश कुमार, तहसीलदार शनि पैकरा, कोमल साहू, रूपाली मेश्राम, पूनम तिवारी, कमलेश सिदार सहित अन्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

मंदाकनी ने नवोदय परीक्षा उत्तीर्ण की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में कक्षा छठवीं में प्रवेश लिए परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें ज्ञानोदय शिशु मंदिर हिरमी से मंदाकनी पिता कामदेव पटेल ग्राम कुथरौद का चयन हुआ है। इस पर शिक्षकों व विद्यार्थियों ने खुशी जताई है।

प्राचार्य पी आर वर्मा ने छात्र के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षकों के प्रयास की सराहना की। विदित हो कि इससे पूर्व विद्यालय से 10 बच्चों का चयन हो चुका है। मंदाकनी ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय माता–पिता एवं गुरुजनों को दिया है।

कुकदा-घिरघोल में रामायण की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

समीप के ग्राम पंचायत घिरघोल, कुकदा में अखंड पांच दिवसीय रामायण समारोह की धूम मची हुई है। इस वर्ष पलारी अंचल के अलावा दूर दराज से मानस मंडलियों का निरंतर आगमन हो रहा है, जो विविधता पूर्ण तरीके से प्रभु श्रीरामचन्द्र की महिमा, कथा का गायन वादन वाचन कर रहे हैं। यह आयोजन 1 अप्रैल से प्रारंभ है, जो 6 अप्रैल शनिवार को हवन पूजन, तुलसी वर्षा, सहस्त्रधारा, शोभायात्रा एवं दीपदान के साथ संपन्न होगा। यह आयोजन जय श्रीराम रामायण समिति के तत्वावधान में ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित हो रहा है।

सामाजिक उत्थान और शिक्षा को बढ़ावा देने एकजुट हुआ कंडरा समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बंगोली

कंडरा आदिवासी कोसरिया समाज राजिम राज का तीन दिवसीय वार्षिक अधिवेशन 29 से 31 मार्च तक कंडरा सामाजिक भवन राजिम में आयोजित किया गया। इसमें सर्वप्रथम कंडरा समाज के ईष्टदेव संत सुपल भगत, शितला माता, गड़िया देव तथा कंडरा समाज के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. थानूराम कंडरा खिशोरा की तैल्यचित्र पर समाज के पूर्व अध्यक्ष व राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, भीम कंडरा, परमेश्वर कंडरा, किशन कंडरा, लोचन कंडरा सहित समाज के सदस्य, प्रतिनिधीगण ने पूजा-अर्चना की।

■ राजिम में हुआ कंडरा समाज का वार्षिक अधिवेशन

उद्बोधन में पूर्व अध्यक्ष विजय कंडरा, भीम कंडरा, किशन कंडरा तथा डॉ. विरेंद्र कंडरा ने समाज के उत्थान, शिक्षा, सामाजिक गतिविधियों एवं सामाजिक पंजीयन पर बल देते हुए प्रकाश डाला। साथ ही राजिम स्थित सामाजिक भवन के कायाकल्प हेतू राजिम विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा से विशेष आग्रह कर भवन उन्नयन पर फोकस रहा, जिस पर विधायक प्रतिनिधि ने सहर्ष स्वीकार करते हुए अपनी सहमति प्रदान की। तत्पश्चात सामाजिक प्रकरण का निपटारा कर अन्य सामाजिक विषयों पर सर्वसम्मति से विशेष चर्चा हुई।

बैठक में उपस्थित सदस्य प्रेम कंडरा, जगदेव कंडरा बंगोली, कौशल कंडरा पारागॉव, कैलाश कंडरा राजिम, लोचन कंडरा अशोक कंडरा आरंग, विजय कंडरा सिर्री, किशन कंडरा रजनकटा, भुवन कंडरा बहेराडीह खरियार रोड, भीम कंडरा रायपुर, लोचन कंडरा नारी, मोटू कंडरा खिशोरा, नरेंद्र कंडरा खिशोरा, पुनिया बाई कंडरा आरंग, सरोजनी कंडरा, सागर, कुमार, पवन कंडरा, बंशीलाल कंडरा रायपुर, गौरी कंडरा, चंद्र प्रकाश, सुरेंद्र कंडरा, गब्बर कंडरा, ललिता कंडरा पारागांव, बिरम, किरण कंडरा, हेमिन कंडरा, वर्षा कंडरा, बिंदु कंडरा सिर्री, बिमला कंडरा, सरस्वती खिशोरा, श्रवण कंडरा

जर्जर और सकरी सड़क से हो सकती है बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रवान

बलौदाबाजार जिला मुख्यालय से नजदीक मात्र तीन चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव कुकुरदी जो की कुकुरदी बंजर तिगड्डा से लेकर बस्ती तक सड़क काफी खराब हो चुकी है। 24 घंटे बड़े–बड़े वाहन हाईवा, डंपर गिट्टी भरकर गुजरते रहते हैं, जिससे रोड काफी खराब हो गई है। जगह–जगह गड्ढा बन चुके हैं। साइकिल, बाइक चालक बड़ी वाहन के सामने मुश्किल से साइड दे पाते हैं। इससे उन्हें खतरा बना रहता है। कई बार लोग गिरने से घायल भी हुए हैं। सड़क काफी सकरी हो गई है। रोड की गिट्टी बाहर आ गई है। ग्रामीणों ने बताया है कि कई बार पूर्व विधायक, सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष के सामने आवेदन एवं कई बार गांव में मौके पर मौखिक शिकायतें एवं अवगत कराने के बावजूद भी इस सड़क का आज तक चौड़ीकरण नहीं किया जा सका। खाना पूर्ति के लिए सिर्फ बीच–बीच में मरम्मत कराकर छोड़ दिया जाता है। यहां तक अल्ट्राटेक सीमेंट संयंत्र एवं अंबुजा संयंत्र के वाहन भी गुजरते हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन एवं क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री टंकाराम वर्मा से सड़क चौड़ीकरण कराए जाने की मांग की है।

■ कुकुरदी के ग्रामीणों ने सड़क चौड़ीकरण की मांग मंत्री टंकराम से की

बसपा का जोन स्तर पर हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

बहुजन समाज पार्टी जांजगीर-चांपा लोकसभा से अधिकृत प्रत्याशी डॉ. रोहित डहरिया की मौजुदगी में बिलाईगढ़ विधानसभा में तीन दिवसीय 1 से 3 अप्रैल तक जोन स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न हुआ। इसमें प्रथम दिवस सम्मेलन – नगर पंचायत टुण्ड्रा, रिकोकला, द्वितीय दिवस– गोविन्दवन बिलाईगढ़, भटगांव और तृतीय दिवस सरसीवां मंगल भवन में आयोजित किया गया। डॉ. रोहित डहरिया ने विधानसभा, जोन, सेक्टर व पोलिंग से आए पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं व समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती के दिशा निर्देशों पर ज्वलंत मुद्दे को लेकर चुनावी रणनीति के तहत ज्वलंत मुद्दों को लेकर मैदान में उतरना है। अन्य राजनीतिक पार्टियों द्वारा अवैध, असंवैधानिक रूप से चंदा इलेक्ट्रो बॉन्ड को बताते हुए कहा कि देश में बसपा ही एक मात्र इमानदार पार्टी है, जो कि अपने समर्थकों के संघर्ष, सहयोग से संवैधानिक व्यवस्था से आंदोलन चलाती है। संविधान को मानने वाले, संविधान के रक्षक बसपा है।

प्रदेश सचिव संतोष देवांगन ने कहा कि नोट भी देंगे, वोट भी देंगे, डॉ. रोहित डहरिया को चुनकर भेजेंगे। देश में पिछड़े वर्ग के मान सम्मान व स्वाभिमान से संवैधानिक अधिकार दिलाने वाले एक मात्र बसपा ही है। उन्होंने पिछड़े समाज से अपील करते हुए कहा कि एकजुट होकर एक बार जरूर सहयोग करें। कार्यक्रम का संचालन भूपराम लहरे ने किया। बहुजन जागृति गीत फिरत खटकर ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर जीवराज प्रकाश रात्रे जिला प्रभारी, नारायण साहू जिला प्रभारी, दयाराम खुराना, गणेश साहू, राजू शर्मा, कन्हैया नामदेव, दरस टण्डन, विजय खुटे, बंशी रात्रे, डगेश खटकर, चंद्रशेखर रत्नाकर, दशरथ खुटे, नारायण सोनवानी, कृपाराम टण्डन, रामेश्वर कठौतिया, मनीराम जांगड़े, डॉ. सखा जांगड़े आदि सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे।

लोस चुनाव के लिए 320 निर्वाचन अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के आम चुनाव के लिए विकासखंड सिमगा के प्रशिक्षण केंद्र शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक शाला सिमगा में 320 निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इय दौरान 100 प्रतिशत वोटिंग करने के लिए सभी प्रशिक्षाथियों एवं अधिकारियों द्वारा शपथ ली गई। इसमें अनुविभागीय अधिकारी अंशुल वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, सुहेला तहसीलदार नीलमणि दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार गेंदले, जिला मास्टर ट्रेनर आशीष शर्मा सहित विकासखंड स्तरीय सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।